>

Title: Request to open Indo-Nepal Border which is closed due COVID-19.

श्री सुनील कुमार पिन्टू (सीतामढ़ी): सभापति महोदया, सबसे पहले मैं अपने लोक सभा के स्पीकर आदरणीय ओम बिरला जी के जल्द स्वस्थ होने की माँ जगत जननी सीता जी से कामना करता हूँ ।

महोदया, मैं सीतामढ़ी क्षेत्र से आता हूँ, जहाँ माँ जगत जननी सीता जी धरती से प्रकट हुई है । आप भी उसी क्षेत्र की पड़ोसी हैं । मैं आपके सामने जो समस्या रखना चाह रहा हूँ, हमारा क्षेत्र नेपाल की सीमा से होते हुए बॉर्डर पर जाकर समाप्त होती है । कोविड-19 के बाद भारत-नेपाल की सीमा को बंद कर दिया गया । यह आप अच्छी तरह से जान रही हैं कि बिहार और नेपाल के लोगों का बेटी-रोटी का संबंध है । हमारे सीतामढ़ी की हजारों बच्चियों की शादी नेपाल में हुई है और नेपाल की हजारों बच्चियों का संबंध सीतामढ़ी के आसपास के क्षेत्रों से है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि वहाँ आवागमन बंद कर देने से शादियों में भी बहुत परेशानियाँ हुई हैं और लोग शादियों में नहीं आ सके हैं । कितने लोगों के रिलेशन में शादी थी, लेकिन वे लोग नेपाल से इंडिया नहीं आ सकें और इंडिया वाले नेपाल नहीं जा सकें । उनके घर में शादी होने के बावजूद भी वे नेपाल नहीं जा सकें । यह जो रोक लगा दी गई है, हमारा ओपन बॉर्डर है, लेकिन वहाँ पर सरकार ने रोक लगा दी है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह, विनती तथा निवेदन है कि इस बॉर्डर को तुरंत चालू कराया जाए । सीतामढ़ी जिले के सारे बॉर्डर्स को, चाहे वह बिहटा मोड़ हो, सोनबरसा हो, गौर बाजार बरगेनिया हो, इन सभी को तुरंत चालू कराया जाए । वहाँ पर कोरोना का रैपिड टेस्ट होना चाहिए । रैपिड टेस्ट करके आने-जाने वाले

लोगों के लिए यह सुविधा चालू करायी जाए, क्योंकि हमारा संबंध बेटी-रोटी का है ।

महोदया, आज हमारे घर की बच्चियाँ न अपने संबंधी के यहाँ नेपाल जा पा रही हैं और न ही वहाँ से यहाँ पा रही हैं । इसलिए मेरा आपके माध्यम से आग्रह है, सरकार यहाँ मौजूद है, वह इसका संज्ञान ले और बॉर्डर को तुरंत चालू करा दे ।